# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**

**प्रथम सूचना रिपोर्ट**

**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)**

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Panchkula **Year (वर्ष):** 2023

   **FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0003 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 17/03/2023 18:20 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

   1 **Day (दिन):** Friday **Date from (दिनांक से):** 17/03/2023 **Date To (दिनांक तक):** 17/03/2023

   **Time Period (समय अवधि):** Pahar 5 **Time From (समय से):** 13:00 hrs **Time To (समय तक):** 13:00 hrs

   (b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 17/03/2023 **Time (समय):** 15:49 hrs

   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 007 **Date and Time (दिनांक और समय):** 17/03/2023 15:49 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

   1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 110 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

      **(b) Address (पता):** ACB UNIT YNR,

      **(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

      **District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

   (a) **Name (नाम):** श्री गुलाब सिंह

   (b) **Father's Name (पिताका नाम):** श्री श्योराम

   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1978 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

   (e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **बुढेडी, JAGADDHRI SADAR, YAMUNA NAGAR, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **बुढेडी, JAGADDHRI SADAR, YAMUNA NAGAR, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):**

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास रिडर DFSC | | | 1. यमुनानगर,YAMUNA NAGAR,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

नकल लेख इस प्रकार से है सेवा में, निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, यमुनानगर। विषयः-विकास रीडर DFSC जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग यमुनानगर द्वारा कमीशन जारी करने के एवज में रिश्वत मांगने बारे। श्रीमान जी,निवेदन यह है कि मैं गुलाब सिंह पुत्र श्री श्योराम निवासी गांव बुढेडी थाना सदर जगाधरी जिला यमुनानगर का रहने वाला हूं और मेरे गांव में ही मेरी पत्नी संतरा देवी के नाम से मेरा राशन का डिपो है और यह डिपो ब्लॉक बिलासपुर मे आता है। ब्लॉक बिलासपुर के सभी राशन डिपों की कमीशन लगभग 28 लाख रूप्ये जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग यमुनानगर में पैंडिंग है जिसके लिये ब्लॉक बिलासपुर के लगभग सभी डिपो धारकों ने करीब 2/3 महिनों से जरूरी

फार्म व कागजात कमीशन जारी करवाने के लिये जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग यमुनानगर में जमा करवा रखे है। इसकी एवेज में लगभग एक महिना पहले DFSC श्री अशोक शर्मा द्वारा मुझे अपने कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग यमुनानगर में बुलाकर मुझसे बतौर रिश्वत 20000/-रूपये नकद लिये थे। जिन्होने मुझे कहा था कि आप आजाद ईंचार्ज कनफैड नजदीक बस अड्डा यमुनानगर से मिल लेना आपका काम हो जाएगा। इसके बाद मैने आजाद ईंचार्ज कनफैड नजदीक बस अड्डा यमुनानगर के पास कई बार जाकर व उसे फोन करके अपनी कमीशन जारी करवाने की प्रार्थना की, क्योंकि यह कमीशन कनफैड ने जारी करनी है और यह विभाग भी DFSC श्री अशोक शर्मा के अधीन आता है। इसके बाद आजाद ने मुझे कहा कि आप इसके लिये लेने देने की जो बात करनी है वो विकास रीडर DFSC से ऑफिस में जाकर उससे मिलकर कर लेना, मैने उसे बोल दिया है। कल दिनांक 16.03.2023 को मैं आपके कार्यालय में आकर कर्मचारी यशवंत जी से मिला था और उनको मैने बताया कि मुझसे कनफैड व जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इन अधिकारियों द्वारा उपरोक्त डिपुओं की कमीशन राशि जारी करने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही है मैं इन्हे ये रिश्वत की राशि नहीं देना चाहता और इन्हें रंगे हाथ पकड़वाना चाहता हूं। इस पर यशवंत जी ने मुझे कहा कि जिस कार्यालय में रेड करवानी होती है वहां पर आपका काम पैंडिंग होना चाहिए और रिश्वत की डिमांड की आडियो या वीडियो रिकार्डिंग होनी चाहिए। इस पर मैने यशवंत जी को कहा कि वो फोन बाहर रखवाते है और फिर बातचीत करते है। इस पर यशवंत जी ने मुझे रिकार्डर दिया और मैं जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग यमुनानगर में जाकर आजाद के कहे अनुसार DFSC श्री अशोक शर्मा के रीडर श्री विकास से मिला। जिसने मुझसे पूछा कि कितने सैंटर/डिपो है कितनी अमाउंट है मैंने उसे कहा कि सैंटर का तो पता नहीं 35 जने है। इस पर उसने मुझे कहा कि हर बन्दे के 1000/-रूपये के हिसाब से 35000/-रूपये बनते है और मैने कहा कि ठीक कर लो। तो उसने आजाद कनफैड को फोन कर पूछा कि ब्लॉक बिलासपुर की कितनी कमीशन है आजाद के फोन पर बताने पर विकास ने मुझे कहा कि 28 लाख रूपये की पेमैंट है और इसका एक प्रतिशत यानि 28000/-रूपये बनते है । मैने उसे कहा कि मैने इसी काम के लिये DFSC साहब द्वारा मांगने पर उनको 20000/-रूपये पहले ही दे रखे है आप ठीक करलो। इस पर उसने कहा कि अगर आपने DFSC को 20000/-रूपये दे रखे है तो उनका हिस्सा निकाल देंगे आप मुझे 28000/-रूपये की जगह 20000/-रूपये दे देना। इन सभी बातों की मैने रिकार्डर में रिकार्डिंग करके रिकार्डर आपको दे दिया है। मैं यह 20000/-रूपये की रिश्वत की राशि देना नहीं चाहता और रिश्वत राशि लेते हुए विकास को रंगे हाथ तथा रिश्वत राशि के हिस्सेदार आजाद व DFSC साहब को पकड़वाना चाहता हूं। इन सभी ने बहुत भ्रष्टाचार फैलाया हुआ है। इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।SD Gulab Singh गुलाब सिंह, दिनांक 17.03.2023 मोबाईल नं0 70272-36329,कार्यवाही पुलिसः- आज मन निरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उपकेन्द्र यमुनानगर में उपस्थित हूं। शिकायतकर्ता गुलाब सिंह उपरोक्त ने उपकेन्द्र में उपस्थित होकर एक टाईपशुदा दरखास्त व रिकार्डिंग सहित रिकार्डर मुझे प्रस्तुत किया। इस दरखास्त उपरोक्त पढ़ने व रिकार्डिंग सुनने से विकास रीडर DFSC जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग यमुनानगर के विरूध्द सरेदस्त जुर्म जेर धारा 7 व 7A पी0सी0एक्ट 1988 का सरजद होना पाया गया है। जिस बारे उच्च अधिकारीगण को सूचित किया गया तथा अलग से स्वतंत्र गवाह व छाया गवाह नियुक्त करवाये गये। जिस पर तहरीर तैयार करके अभियोग दर्ज करने हेतू सिपाही कृष्ण कुमार नं0 713/अम्बाला के माध्यम से सेवा में प्रबंधक थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सैक्टर-17, पंचकूला भेजी जा रही है। अभियोग अंकित करके अभियोग संख्या से सूचित किया जाए तथा अभियोग दर्ज किये जाने की स्पेशल रिपोर्ट स्पेशल मैसेंजर व ई-मेल के माध्यम से स्पेशल जज, यमुनानगर स्थित जगाधरी के सेवा में व प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां उच्च अधिकारीगण की सेवा में भिजवाई जाए। अभियोग की नकल कॉपी व असल लेख मौका पर भिजवाई जाए। मन निरीक्षक मय स0उ0नि0 यशवंत नं0 80/अम्बाला, स0उ0नि0 गुरचरण सिंह नं0 1/316, मु0सि0 अनिल कुमार नं0 641/यमुनानगर, ई0एच0सी0 दर्शन सिंह नं0 341/YNR मय बासवारी गाड़ी बुलेरो नं0 HR 03Z 0782 जिसका चालक सिपाही सुभाष चन्द नं0 709/PKL तथा मय प्राईवेट गाड़ी मय मुदई गुलाब सिंह व मय स्वतंत्र गवाह व छाया गवाह मय रेडिंग किट, तफ्तीश बैग, लैपटॉप, प्रिंटर के बराये करने पूरी औपचारिकताएं रेड रवाना मौका का होता हूं। अजः- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उपकेन्द्र यमुनानगर । SD Satpal Singh निरीक्षक सतपाल सिंह, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उपकेन्द्र यमुनानगर । मो0नं0 70154-70829, दिनांक 17.03.2023, At. 1.00 PM अज थाना- उपरोक्त तहरीर पर अभियोग न0 03 दिनांक 17.03.2023 धारा 7, 7A पी.सी.एक्ट 1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सैक्टर-17 पंचकुला अंकित करके स्पैशल रिपोर्ट ई. मेल के माध्यम से स्पैशल मैजीस्ट्रेट साहब, जगाधरी, जिला यमुनानगर की सेवा में व उच्च अधिकारियों की सेवा में भिजवाई जा रही है । असल तहरीर व अभियोग की पुलिस फाईल बादस्त सिपाही कृष्ण कुमार 713/ अम्बाला के अनुसंधान अधिकारी के पास मौका पर भेजी

जा रही है । इन्द्राज रिकार्ड विधि अनुसार किया गया।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही** : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद **सं.** 2 में उल्लेख **धारा के तहत है.):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Satpal Singh **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 263A **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Pankaj Nain

**Rank (पद):** Dy. IG (Deputy Inspector General)

**No. (सं.):** IPS

14. **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

15. **Date and time of dispatch to the court (**अदालत में प्रेषण की **दिनांक** और समय**):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| **S. No. (क्र.सं.)** | **Sex (लिंग)** | **Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष)** | **Build (बनावट)** | **Height (cms) (कद (से.मी.))** | **Complexion (रंग)** | **Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | 1978 | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| **Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ)** | **Teeth (दाँत)** | **Hair (बाल)** | **Eye (आँखें)** | **Habit(s) (आदतें)** | **Dress Habit (s) (पहनावा)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |

| **Language/Dialect (भाषा/बोली)** | **Place of (का स्थान)** | | | | | **Others (अन्य)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Burn Mark (जले हुए का निशान)** | **Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे))** | **Mole (मस्सा)** | **Scar (घाव)** | **Tattoo (गूदे हुए का)** | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**